राज्यपाल सचिवालय
राज भवन जयपुर

राज्यपाल श्री मिश्र ने लखनऊ स्थित विद्यालय में वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की

जयपुर, 20 जुलाई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने शनिवार को लखनऊ स्थित सिटी मांटेसरी विद्यालय में वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की। उन्होंने वहां वृक्ष लगाकर सभी से इस अभियान में भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पेड़ लगाने के साथ ही उनका संरक्षण भी करें।

उन्होंने शिक्षा से संस्कार की ओर उन्मुख होने, संविधान प्रदत्त अधिकारों के साथ कर्तव्य के प्रति सजग रहने, पर्यावरण संरक्षण के लिए मिलकर कार्य करने आदि पर जोर दिया।
राज्यपाल श्री मिश्र ने विद्यालय में शिक्षा के जरिए विश्व शांति और एकता के प्रयासों के लिए डॉ . जगदीश गांधी के प्रयासों की सराहना की।